**Regarding need to frame a uniform policy for coaching centres with a view to ensure safety of students-Laid**

श्रीमती मंजू शर्मा **(**जयपुर**) :** मैं सरकार का ध्यान एक महत्वपूर्ण विषय की ओर आकर्षित करना चाहती हूँ । हमारे देश में प्रतियोगिता परीक्षाओं की तैयारी हेतु हर प्रदेश के बच्चे कोचिंग लेते है । उचित व्यवस्था के अभाव में समय-समय पर कोचिंग संस्थानों में आये दिन दुर्घटनाएं प्रकाश में आती रहती है । अभी कुछ समय पहले ही दिल्ली के एक कोंचिंग संस्थान में पानी भर जाने से तीन छात्रों की दर्दनाक मौत हो गयी और इसी तरह जयपुर में गैस लीक होने से कई छात्रों की मौत हो गयी और कोटा में आये दिन छात्रों के सुसाइड करने की खबरें सुनने को मिलती है । ऐसे मे सरकार को मेरा सुझाव है कि समग्र देश में एक समान कोंचिग पॉलिसी बनाई जाये जिससे कि इस तरह की अप्रिय घटनाओं को रोका जा सके ।